छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ज़िला प्रशासन की वेबसाइट को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

7 जनवरी, 2022 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ज़िला प्रशासन की वेबसाइट को नवाचार के लिये राष्ट्रीय प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया। बिलासपुर के ज़िला कलेक्टर सौरभ कुमार ने यह अवार्ड ग्रहण किया।

प्रमुख बिंदु

- भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा ज़िला प्रशासन की वेबसाइट को राष्ट्रीय प्लैटिनम अवार्ड के लिये चुना गया था।
- उल्लेखनीय है कि यह प्रतिष्ठित अवार्ड अलग-अलग श्रेणियों में प्रथम स्थान पर रहने वाली शासकीय वेबसाइटों को प्रदान किया जाता है। बिलासपुर ज़िला प्रशासन की वेबसाइट को बेस्ट वेब एंड मोबाइल इनिशिएटिव कांपलांइथ विथ जीआईजीडब्ल्यू एंड एससीबलिटी गाइडलाइन की श्रेणी के अंतर्गत यह पुरस्कार दिया गया है।
- केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजना डिजिटल इंडिया के क्रियान्वयन में बिलासपुर ज़िले की वेबसाइट ने नवाचार किया है। एनआईसी (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र) द्वारा तैयार वेबसाइट में केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी अपलोड करने के साथ ही दिव्यांगों के लिये भी इसमें विशेष सुविधा दी गई है।
- दृष्टिबाधित भी साफ्टवेयर के जरिये इस वेबसाइट में दी गई सूचनाओं को सुन सकते हैं। जहाँ-जहाँ माउस का कर्सर जाएगा, वहाँ लिखी जानकारी आवाज में बदल जाएगी।
- हालाँकि अभी यह सुविधा अंग्रेजी में ही है। आने वाले दिनों में हिन्दी में भी यह सुविधा दी जाएगी। इसके लिये एनआईसी के तकनीकी विशेषज्ञों ने काम करना शुरू कर दिया है।
- गौरतलब है कि दृष्टिबाधितों के लिये वेबसाइट में विशेष प्रकार का साफ्टवेयर भी अपलोड किया गया है। इसका उपयोग मुफ्त में किया जा सकेगा। इसके लिये अतिरिक्त राशि नहीं देनी पड़ेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/website-of-bilaspur-district-administration-of-chhattisgarh-got-national-award